सार-समाचार

पहले सेशन की एडवांस्ड सेंटर सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2025 के पहले सेशन के परीक्षा शहर एवं परीक्षा की तिथियां जारी कर दी गई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि इस वर्ष जेईई-मेन पहले सेशन के लिए इतिहास में सर्वाधिक 13 लाख 95 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जो कि गत वर्ष के मुकाबले एक लाख से अधिक है। इस वर्ष जेईई-मेन जनवरी परीक्षा 22 से 30 जनवरी के मध्य संपन्न होगी, जिसमें 22, 23, 24 व 28 एवं 29 जनवरी को दो शिफ्टों में बीई-बीटेक की परीक्षा एवं 30 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क की परीक्षा होगी। इस परीक्षा के सेंटर सिटी इंटीमेशन जारी कर दिए गए हैं, जिसमें स्टूडेंट्स को अपने परीक्षा दिनांक एवं परीक्षा शहर का पता जारी किया जा चुका है। जारी की गई एडवांस सिटी इंटीमेशन में विद्यार्थी एवं उसके माता-पिता का नाम, जन्मदिनांक, कैटेगिरी, मीडियम की जानकारी भी जारी की गई है, जिसे विद्यार्थी पूर्ण रूप से जांच ले। परीक्षा के एडमिट कार्ड स्वयं की परीक्षा दिनांक से तीन दिन पूर्व जारी किए जाएंगे।

हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की मांग

छबड़ा (निसं)। अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र के तत्वधान में योगाध्यक्ष शंकरलाल नागर संगठन महामंत्री, हिंदी साहित्य भारती की अध्यक्षता व योग गुरु जगदीशचन्द्र शर्मा एवं कवि, गीतकर, लेखक-गायन, संपादक, हिंदी साहित्य भारती कार्यकारिणी के सदस्य के मुख्य आतिथ्य ओर योग सदस्य सतीश शर्मा के सानिध्य में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सतीश शर्मा ने बताया की हिंदी के प्रति राज्य, देश और दुनियाभर में जागरूकता का प्रसार हो। इसके लिए 10 जनवरी,2006 को हमारे देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाएं जानें कि घोषणा की गई थी। दयाल परमार ने कहा कि हिंदी भाषा ही नही भारतीय संस्कृति का गौरव है। महात्मा गांधी इस बात को जानते थे कि राष्ट्र की अपनी भाषा से ही गुलामी की जंजीरों को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। योग गुरु जगदीशचन्द्र शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के बाद हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन आज भी हमारी कानूनी लड़ाई में अंग्रेजी का ही दबदबा है। हिंदी कानून की भाषा बनें तो आम आदमी भी हिंदी के बल पर उच्च पदों पर आ सकेगा।

बावड़ी में युवक का शव मिला

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में शुक्रवार को प्राचीन बावड़ी में एक युवक का शव मिला। बावड़ी में शव पड़े होने की सूचना पर बोरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर ही नगर निगम की गोताखोर टीम को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया गया। बावड़ी में शव पड़े होने की सूचना फैलते ही मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। बोरखेड़ा थाने के एएसआई करतार सिंह ने बताया कि प्राचीन बावड़ी में एक युवक के शव पड़े होने सूचना मिली थी। मौके पर मृतक के शव को बाहर निकलावर उसकी शिनाख्त के प्रयास किये गये, लेकिन मौके पर मृतक की शिनाख्त नही हो पाई। मृतक के शव को एमबीएस मोर्चरी रखवा दिया गया है। मृतक के एक हाथ पर संदीप नाम लिखा हुआ है। मौके पर एक बैग मिला है। मृतक के शिनाख्त के प्रयास जारी है। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि बावड़ी में शव पड़े होने की सूचना मिलने पर टीम लेकर मौके पर पहुंचे। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि बावड़ी में काई जमी होने के कारण करीब एक घंटे के मशक्कत के शव को बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा गया। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि यह युवक बावड़ी के आसपास ही रहता था। संभवत: कि रात्रि में पैर फिसलने से बावड़ी में गिर गया होगा।

गिर्राज गुर्जर निर्विरोध तहसील अध्यक्ष बने

छबड़ा (निसं)। गुर्जर-गाडरी धर्मशाला में शुक्रवार को वीर गुर्जर विकास समिति के तत्वावधान मे समाज बंधुओं की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष रूपराज सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं मानसिंह धनोरिया की अध्यक्षता में डॉ.गिर्राज गुर्जर को तहसील अध्यक्ष के पद पर सर्वसहमति से निर्विरोध निर्वाचित किया है। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप गुर्जर बापचा, रघुनाथ पटेल मुकुंदखेडी, श्रीराम कड़ियाचोर, दौलतराम नजीपुरा, भंवरलाल घट्टी, हरिचरण मुकुंदखेडी, नारायण सिंह मुकुंदखेडी, रामकरण नयागांव, चिल्लू बापचा कोटा, मोरसिंह पूर्व छात्र संघ, युवा भाजपा नेता लखन गुर्जर शिवचरण एवं रवि गोचर, हिम्मत सिंह नयागांव, कमल सिंह खालकपुरा, बलराम बिशनखेडा, बलराम मोरला, प्रेमसिंह हरिपुरा, शंकरसिंह, भंवरसिंह हिंगलोट, कन्हैया लाल हिंगलोट, राजमल गुर्जर एवं कमल मोरला, किशन बिंदराडी, अमृतलाल बिंदराड़ी, नंदसिंह, संग्राम, महावीर नजीपुरा, बलराम भडाना, संग्राम जांचरोंडा, नंदू कोटडा मेघनाथ, रोशन भड़ाना, देवी सिंह, धनराज महुआखेडा आदि समाज बंधुओ ने भाग लेकर हर्ष व्यक्त किया।

औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया

बून्दी (निसं)। पीएमश्री राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय रामगंजबालाजी के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 50 चयनित छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को नागरिकता कौशल संवैधानिक मूल्य एवं भारत की जानकारी कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी कुमारी ने बताया कि विद्यालय में पीएमश्री योजनांतर्गत सत्रपर्यंत चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सिलोर रोड पर स्थित अडानी विलमार प्राईवेट लिमिटेड का भ्रमण करवाया गया। अडानी विलमार फैक्ट्री के एचआर आशीष व्यास ने छात्र छात्राओं को सुरक्षा के प्रोटोकॉल के साथ पूरी इकाई का भ्रमण कराया और वहां होने वाले उत्पादन निर्माण में आटा, मैदा एवं तेल आदि को तैयार कर उनकी पैकिंग की जानकारी देते हुए इस क्षेत्र से जुड़े रोजगार के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी लीला सोनी, अश्विनी पिंपले, राजीव नंदन, वरुण शर्मा एवं एनसीसी ऑफिसर अंकुर निंबार्क भी साथ में मौजूद रहे।

विधायक शांति धारीवाल कोटा प्रवास पर

कोटा, (निसं)। पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल तीन दिवसीय कोटा प्रवास पर शुक्रवार को पहुंचे। विधायक शांति धारीवाल शनिवार और रविवार को कोटा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शनिवार को राजस्थान राज्य कबड्डी संघ द्वारा 46वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर नयापुरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे वहीं स्टोन मर्चेंट विकास समिति की नवगठित कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में विधायक शांति धारीवाल शिरकत करेंगे। रविवार को कायस्थ महाकुंभ निशुल्क चतुर्थ युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नव वर्ष मिलन समारोह में शामिल होंगे रविवार को ही सोगरिया बालाजी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शांति धारीवाल शिरकत करेंगे।

चाईनीज मांझे की 56 चकरी जब्त

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित चाईनीज मांझा की 56 चकरी जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महावीर नगर थानाधिकारी महेन्द्र कुमार मारु ने बताया कि चाईनीज मांझा के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एलआईसी बिल्डिंग के पास खड़ा होकर कट्टे में अवैध चाईनीज मांझा बेच रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर युवक को डिटेन किया और उसके कब्जे से अवैध चाईनीज मांझा की 56 चरखियां जब्त की गई। अवैध चाईनीज मांझा बरामद होने पर संतोषी नगर निवासी वंश मेहरा (19) को गिरफ्तार किया गया है।

कोचिंग शिक्षक की मौत

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में एक कोचिंग शिक्षक घर में अचेत अवस्था में मिला जिसे उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवाहर नगर थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि तलवण्डी में किराये से रहने वाले विवेक शर्मा (25) घर में अचेत अवस्था में मिला था। प्रथम दृष्टया से अज्ञात विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से शिक्षक की मौत हुई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच की जा रही है।

जागरुकता सत्र का आयोजन

बूंदी (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय की ओर से गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड बून्दी में प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें सड़क सुरक्षा पोस्टर, पेटिंग, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण व जागरूकता सत्र के दौरान जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा ने बताया कि गाडी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति ने सरकार के समक्ष पांच सूत्रीय मांग पत्र रखा

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति ने लघु कोचिंग संस्थानों को सरकार की ओर से संबल दिए जाने की मांग की है। समिति के संभागीय अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा तथा जिला अध्यक्ष सोनिया राठौड़ ने बताया कि लघु कोचिंग संस्थान आर्थिक रुप से कमजोर क्षेत्रों में कम संसाधनों में पूरक शिक्षा और श्रेष्ठ परिणाम देने का काम कर रहे हैं। जिन बस्तियों में शिक्षास्तर बहुत कम और सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। वहां पर भी बच्चों को न्यूनतम सुविधा शुल्क में क्वालिटी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

वहीं नैतिक संस्कार भी दे रहे हैं। इन क्षेत्रों में कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण अभिभावक कई बार न्यूनतम शुल्क देने की स्थिति में भी नहीं होते हैं। ऐसे में, सरकार को इन छोटे-छोटे शिक्षण संस्थानों को संबल प्रदान करने के उपाय करने चाहिएं। आगामी बजट में इसे लेकर उचित नीति बनाने की जरूरत है। समिति के महामंत्री धनेश विजयवर्गीय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता ने बताया कि 1 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं वाले शिक्षण संस्थानों पर लागू किए गए मापदंड 100 से कम संख्या वाले कोचिंग संस्थान द्वारा फॉलो करना बहुत मुश्किल है। छोटे स्तर पर पूरक शिक्षा उपलब्ध करवा रहे कोचिंग संस्थानों को अलग नीति के माध्यम से मापदंडों में कुछ छूट दी जानी चाहिए।

हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति ने पत्रकारवार्ता कर अपनी मांगे रखी।

प्रशासन द्वारा बड़े शिक्षण संस्थानों की तरह लघु शिक्षण संस्थानों पर डलने वाले अनावश्यक दबाव से मुक्ति दी जानी चाहिए। साथ ही, इन संस्थाओं को शहर शैक्षिक कार्यक्रमों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन निशुल्क या अल्प शुल्क में उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

संभागीय संरक्षक राकेश मिश्रा तथा जिला संरक्षक आरके जांगिड़ ने कहा कि सरकार को लघु शिक्षण संस्थानों को जीएसटी से मुक्त किया जाना चाहिए। वहीं, एमएसएमई का लाभ लघु शिक्षण संस्थानों को भी प्रदान करने की योजना में शामिल करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष अनिकेत प्रजापति ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा छोटे शिक्षण संस्थानों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। ऐसे में, संस्थाओं एवं शिक्षकों का पक्ष जानकर ही पुलिस के द्वारा प्रति कार्रवाई की जाने के लिए आश्वस्त किया जाना चाहिए। जिला संगठन मंत्री वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि आठवीं 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा ली जानी चाहिएं, क्योंकि इनके माध्यम से शिक्षा शिक्षक परीक्षा परिणाम में गुणवत्ता, श्रेष्ठता का उत्थान संभव हो सकता है। व्यवसायिक पाठ्यक्रम भी आठवीं से ही शुरू हो तो विद्यार्थी स्वावलंबी होकर स्वरोजगार की ओर बढ़ेगा तो इससे बेरोजगारी से देश और समाज मुक्त रह सकेगा।

अग्रवाल परिचय सम्मेलन आज से

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय 26वें अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे से नयापुरा उम्मेदसिंह स्टेडियम पर होगा। परिचय सम्मेलन के लिए देशभर से 490 युवक युवतियों ने पंजीयन कराया है। इसमें इंदौर, उज्जैन, देवास, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात समेत विभिन्न क्षेत्रों से रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। इन सबकी ठहरने की व्यवस्था अग्रवाल समाज ने नि:शुल्क की गई है। संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल तथा महामंत्री संजय गोयल ने बताया कि अतिथियों द्वारा सुबह महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

थप्पड़ कांड मामले में उच्च न्यायालय ने राजावत को राहत दी

कोटा, (निसं)। बहुचर्चित डीएफओ थप्पड़कांड मे पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत को पिछले दिनों कोटा में एडीजे कोर्ट द्वारा एससी-एसटी की धारा 3 मे बरी करते हुए डीएफओ से मारपीट के मामले मे धारा 332/34 व 353/54 मे 3 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई थी जिसमें राजावत कोर्ट के इस फैसले से असन्तुष्ट थे और उन्होनें इसमें उच्च न्यायालय मे अपील करने का निर्णय लिया था।

पूर्व विधायक राजावत द्वारा बताया गया कि इसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने सुनवाई कर इसमें स्थगन आदेश जारी करते हुए राहत दी, और सजा स्थगित रखते हुए इस पर फैसला अब उच्च न्यायालय करेगा। विद्वान न्यायाधीश ने फैसले मे कहा कि परिवादी ने किसी भी तरह के जातिसूचक शब्द तथा मारपीट की बात नहीं मानी और न ही मेडिकल रिपोर्ट मे ऐसा सामने आया हैं और परिवादी की और से 2 सरकारी गवाह भी मारपीट की बात को स्वीकार नही करते ऐसे हालात मे यह मारपीट विधि सम्मत नही हैं इसीलिए भवानीसिंह राजावत और महावीर सुमन की जमानत स्वीकार की जाती हैं और एडीजे कोर्ट द्वारा दी गई 3 वर्ष की सजा के स्थगन के आदेश जारी किए जाते हैं। राजावत की ओर से हाईकोर्ट मे विद्वान वकील दीपक चौहान ने पैरवी की, राजावत ने कहा कि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या मे श्रद्धालु और भक्तगण माता के मन्दिर मे दर्शन के लिए जाते हैं और मन्दिर की सड़क टूटी हुई थी जिसके लिए मेरे आग्रह पर नगर विकास न्यास द्वारा सड़क कार्य करवाया जा रहा था उस सड़क का काम डीएफओ रवि मीणा द्वारा रूकवाए जाने के कारण मैंने उनके कार्यालय मे जाकर कहा था कि नादानी मत करिए आप लोगों की श्रद्धा के साथ खिलवाड़ मत करो यह सड़क प्राचीन काल से राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही हैं इसमें बाधा उत्पन्न मत करों। हाईकोर्ट के फैसले के बाद राजावत ने कार्यकर्ताओं के साथ डाढ़देवी मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भाजपा पदाधिकारियों का अभिनंदन किया

कोटा, (निसं)। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, राजस्थान के प्रदेश सह-संयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में मंच की ओर से रायपुरा चौराहा स्थित श्री आवास कॉलोनी स्थित निवास पर भाजपा नेताओं का अभिनन्दन किया गया। मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली नें बताया कि कार्यक्रम के अतिथि के तौर पर भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के राज्यस्तरीय प्रन्याशी अरविन्द सिसोदिया, भाजपा उद्योगनगर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मनोज तलाईचा, नवनियुक्त मंडल प्रतिनिधि बुद्धि प्रकाश आर्य एवं एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम मीणा प्रमुखता से मौजूद रहे। भाजपा पदाधिकारियों नें अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वरिष्ठ शिक्षाविद् हरिकृष्ण बिरला एवं शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के प्रति आभार व्यक्त किया। एवं कहा कि राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को समस्या समाधान हेतु प्रमुखता से कार्य करना चाहिऐं। भाजपा हमेशा ही संघर्षशील रही है और इसी अपेक्षा और ध्येय से नवनियुक्त पदाधिकारी कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंच की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविन्द सिसोदिया के राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल में राज्यस्तरीय प्रन्याशी मनोनीत होने पर, मनोज तलाईचा के भाजपा के उद्योगनगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर एवं बुद्धिप्रकाश आर्य के भाजपा मंडल प्रतिनिधि नियुक्त होनें पर, शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण के साथ अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद अली ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मंच के कोटा संभाग संयोजक एहसान अंसारी नें किया।

चोरी की वारदात का हुआ खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम इलाके में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि आरकेपुरम इलाके मे स्थित एक फार्म हाऊस से 9 जनवरी को चोरी की वारदात सामने आने पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये आरकेपुरम थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटैज खंगाले और अज्ञात चोरों तक पहुंचने के लिये रूपरेखा तैयार की। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए मोहल्ला खेड़ारूधा चेचट निवासी विनोद (28) और डाबला थाना बडौद जिला मन्दसौर हाल गणेश नगर टापरी थाना आरकेपुरम निवासी सुरेश (28) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

यह था मामला:- आरकेपुरम थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि 9 जनवरी को वल्लभबाड़ी निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि रंथकाकरा आंवली में उसका फार्म हाऊस है। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात चोर फार्म हाऊस का ताला व दीवार तोड़कर घरेलू इलैक्ट्रिक सामान, पानी की मोटर, बाथरूम फिटिंग का सामान आदि चुराकर ले गये।

थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी ज्ञानेन्द्र की रिपोर्ट मे अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए दो आरोपी विनोद व सुरेश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों से चोरी किये गये सामानों के बारे में अनुसंधान जारी है।

महिलाओं के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : कल्पना देवी

कोटा, (निसं)। लघु उद्योग भारती महिला इकाई की ओर से झालावाड़ रोड स्थित शुभम गार्डन पर शुक्रवार को हस्तशिल्प मेला स्वयंसिद्धा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक कल्पना देवी थी। अध्यक्षता सिटी एसपी अमृता दुहन ने की।

विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल व कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ सलाहकार गोविंदराम मित्तल थे। हस्तशिल्प मेले में भारत सरकार की ओर से बिना गारंटी 10 लाख तक का लोन न्यूनतम ब्याज दर पर दिया जा रहा है। यहां 100 से अधिक महिला उद्यमियों ने स्टॉल लगाई है। वहीं देशभर के अलग-अलग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए फूड कोर्ट में भोजन की स्टाल भी लगाई गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना देवी ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को राजनीति में लाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। जब महिलाएं राजनीति में आएंगी तो राजनीतिक क्षेत्र स्वच्छ होगा।

कोटा में लघु उद्योग भारती महिला इकाई के हस्तशिल्प मेला स्वयंसिद्धा में लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी मौजूद रही।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। सिटी एसपी अमृता दुहन ने कहा कि महिलाएं घर पर रहकर दिनभर सभी काम करती हैं। ऐसे में, महिलाएं घर के बाहर के कामों को भी आसानी से कर सकती हैं। महिलाएं सशक्त होंगी तो देश सशक्त होगा।

उन्होंने कहा कि आज देश में चल रहे कुटीर उद्योगों में अधिकांश महिला उद्यमी ही काम करती हैं। गोविंदराम मित्तल ने कहा कि भारत इको फ्रेंडली उत्पाद बनाने में कभी 143वें स्थान पर आता था। आज पर्यावरण चेतना और सरकारी प्रयासों का नतीजा है कि भारत इको फ्रेंडली उत्पाद बनाने में 46वें स्थान पर आ गया है।

वहीं राजस्थान भी आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ताराचंद गोयल ने कहा कि महिला उद्यमिता परिवार की आय बढ़ाने में सहयोगी हो सकती है। लघु उद्योग भारती महिला इकाई की प्रेसीडेंट शशि मित्तल ने बताया कि हस्तशिल्प मेले का समापन रविवार को होगा। इस दौरान सेक्रेटरी चांदनी पोद्दार और कोषाध्यक्ष निहारिका गुप्ता भी मौजूद रही।

चाईनीज मांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमण्डी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चाईनीज मांझे की बिक्री करते हुए एक जने को गिरफ्तार किया है। भीमगंजमण्डी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि मकर संक्राति से पहले शहर में चाईनीज मांझे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत सुभाष कॉलोनी खेडली फाटक क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित चाईनीज मांझे के दो रोल जप्त कर जयहिन्द नगर निवासी नेमीचंद मीणा (49) को गिरफ्तार किया है।

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/अति.आ/2025/280-81 दिनांक:-10.1.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री घनश्याम पारेता पुत्र श्री गोपी लाल पारेता, प्लैट नं. 1302, पार्क व्यू रजत सीटी, श्रीनाथपुरम, इंजीनियरिंग कॉलेज कोटा राज. द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार तुलुम्ब, रेस्टोरेन्ट प्लाट नं. 668, 211 नयाखेडा बून्दी रोड कोटा की रेस्टोरेन्ट संचालन की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त (राजस्व) नगर निगम, कोटा (उत्तर)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ 11 विक्रय/2025/516 दिनांक:-10.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 413 सुभाष नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 1266 दिनांक 23.09.2023 को श्रीमती नवल बाई नागर पत्नी श्री घनश्याम नागर के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती नवल बाई नागर पत्नी श्री घनश्याम नागर द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री मनोज मौड़ पुत्र श्री बृजमोहन मौड़ द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.12.2024 को श्री गुलाब चंद बैरवा पुत्र श्री लटूर लाल बैरवा को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री गुलाब चंद बैरवा पुत्र श्री लटूर लाल बैरवा द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 413 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री गुलाब चंद बैरवा पुत्र श्री लटूर लाल बैरवा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ 11 विक्रय/2025/513 दिनांक:-10.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 1136 श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 1785 दिनांक 09.10.2000 को श्री रविन्द्र गुप्ता पुत्र श्री महेश प्रसाद गुप्ता के नाम आवंटन किया गया था। श्री रविन्द्र गुप्ता पुत्र श्री महेश प्रसाद गुप्ता द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री सुमित जैन पुत्र श्री महावीर प्रसाद जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.09.2014 को श्री सुनील नन्दवाना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद नन्दवाना को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री सुनील नन्दवाना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद नन्दवाना द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 1136 श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री सुनील नन्दवाना पुत्र श्री जगदीश प्रसाद नन्दवाना के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ 11/विक्रय/2025/514 दिनांक:-10.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना आनन्दपुरा भूखंड संख्या 824 का आवंटन पत्र क्रमांक 1819 दिनांक 21.05.2010 को सुश्री सीमा मीणा पुत्री श्री बिरधी लाल मीणा के नाम आवंटन किया गया था। सुश्री सीमा मीणा पुत्री श्री बिरधी लाल मीणा द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.01.2020 को श्री रामप्रसाद पुत्र श्री भँवर लाल एवं श्रीमती इन्द्रा पत्नी श्री रामप्रसाद को विक्रय कर दिया गया था। श्री रामप्रसाद की मृत्यु दिनांक 10.01.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री रामप्रसाद पुत्र श्री भँवर लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती इन्द्रा पत्नी स्व. श्री रामप्रसाद द्वारा उक्त भूखंड संख्या 824 आनन्दपुरा अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 824 योजना आनन्दपुरा का नामहस्तान्तरण श्रीमती इन्द्रा पत्नी स्व. श्री रामप्रसाद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ 11/विक्रय/2025/515 दिनांक:-10.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना केशवपुरा-7 आवास संख्या 100 का नामहस्तांतरण क्रमांक 2047 दिनांक 27.09.2013 को श्री जुगल किशोर पुत्र श्री नन्द किशोर के नाम हस्तान्तरण किया गया था। क्रेता श्री जुगल किशोर की मृत्यु दिनांक 15.05.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री जुगल किशोर पुत्र श्री नन्द किशोर के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत विधिक वारिसान शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्रों, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री अंकित नामा पुत्र स्व. श्री जुगल किशोर नामा एवं श्